राजस्व अपील संख्या 121/2021
अनवान
कानाराम के का0मुकाम पोकर वगैरा बनाम मूलाराम के का0मुकाम गवरी वगैरा

दिनांक 7–6–2022

पत्रावली आज पेश हुई । रेस्पो0 की ओर से राजकीय अधिवक्ता श्री नवल सिह दहिया उपस्थित । उक्त अपील के सुनवाई क्षेत्राधिकार परिवर्तन हो जाने के कारण न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी मु0 बाडमेर से न्यायालय डिवीजनल कमिश्नर जोधपुर मे सुनवाई हेतु प्राप्त हुई तथा अपीलो मे सुनवाई हेतु आवंटित जिलो के अनुसार उक्त अपील बाडमेर जिले की होने से इस न्यायालय को सुनवाई हेतु प्राप्त होने पर दिनांक 18–3–2021 को दर्ज रजिस्टर की गई ।
अपीलांट की ओर से इस न्यायालय हाजा मे कोई अधिवक्ता उपस्थित नही होने पर इस न्यायालय हाजा से न्यायहित मे अपील के मुखपृष्ठ पर उल्लेखित अधिवक्तागण श्री रूपसिह राठोड एवं श्री पदमसिह पडियार के लिखे मोबाईल नंबरो पर अधिवक्तागण को गत पेशी एवं आज तारीख पेशी पर भी सूचित करने पर भी उनकी ओर से कोई प्रतिनिधी उपस्थित नही आ रहे है और न ही अपीलांट स्वयं भी उपस्थित हो रहे है । गत पेशी पर भी अपीलांट की अनुपस्थिति दर्ज की गई आज भी कोई उपस्थित नही हुए है । ऐसे मे अपीलांट की उक्त अपील को अदम हाजरी मे खारीज की जाती है । पत्रावली फैसलशुमार होकर नंबर से कम हो । अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लौटाया जाये । निर्णय आज खुले न्यायालय सुनाया गया ।

अति० संभागीय आयुक्त,
जोधपुर